**खबर संक्षेप**

## हफ्ते भर बाद मेहरबान हुए बादल जमकर बरसे

**उमेश भरी गर्मी से लोगों को मिली थोड़ी राहत, तापमान सामान्य से 4 डिग्री ज्यादा**

**सतना।** सोमवार दोपहर 1 बजे से शहर और जिले के कई इलाकों में मूसलाधार बारिश हुई। बारिश रुक-रुक कर जारी रही,जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून की विदाई सतना समेत रीवा संभाग से सितंबर माह के अंत में होगी। इस दौरान सतना और मैहर जिले में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। वैज्ञानिकों ने बताया कि मानसून की वापसी 14 सितंबर से राजस्थान से शुरू हो चुकी है।पिछले 8 दिनों से बारिश न होने के कारण दिन और रात के तापमान में वृद्धि देखी गई। रविवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 4 डिग्री अधिक 35.5 डिग्री रहा। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 3 डिग्री अधिक 27.2 डिग्री दर्ज किया गया।

## हरदासपुर महिला कोटेदार के साथ अभद्रता करने वाले युवक को पुलिस ने भेजा जेल

**मैहर।** जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत हरदासपुर में महिला कोटेदार रूपा दाहिया पति जयभान दाहिया निवासी हरदासपुर मैहर के साथ अभद्रता गाली गलौज जाती सूचक शब्दों का इस्तेमाल करने वाले हरदासपुर निवासी युवक राजेश सिंह खरहा पिता ठाकुरदीन सिंह को मैहर पुलिस ने विभिन्न धाराओं-135,170 के तहत जेल दिया गया। बताया जा रहा है कि महिला कोटेदार रूपा दाहिया जो कि शारदा आजीविका स्व सहायता समूह हरदासपुर की अध्यक्षा है तथा इसी स्व सहायता समूह की सचिव देवकली सिंह का पति है महिला कोटेदार रूपा दाहिया के साथ अभद्रता करने वाला युवक राजेश सिंह खरहा। राजेश सिंह की रोज रोज की अभद्रता से परेशान होकर विगत दिनों रुपा दाहिया ने मैहर थाना आकर दिनांक- 08-09-2025 को आवेदन देकर राजेश सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिस पर मैहर पुलिस संज्ञान में लेकर राजेश सिंह के ऊपर कानूनी कार्रवाई करते हुए युवक को विभिन्न धाराओं के तहत जेल भेज दिया गया।

## लापता किशोरी को पुलिस ने किया दस्तयाब

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र की एक 17 वर्षीय लड़की रहस्यमय तरीके से लापता हो गई थी जिसे पुलिस ने दस्तयाब कर लिया है। सहायक उपनिरीक्षक मीना धुर्वे ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र के एक गांव की लड़की घर में बिना किसी को बताए 4 जुलाई को कहीं चली गई थी। नाबालिग के परिजनों द्वारा नात रिश्तेदारों सहित अन्य संभावित स्थानों पर उसकी पतासाजी की गई लेकिन जब लड़की का कहीं पता नहीं चला तो रिपोर्ट विजयराघवगढ़ थाने में की गई। एसडीओपी वीरेंद्र धार्वे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक रितेश शर्मा की टीम द्वारा नाबालिग की तलाश शुरू की गई और सुराग मिलते ही उसे सुरक्षित दस्तयाब करके थाने लाया गया। यहां नाबालिग लड़की के बयान दर्ज करने के साथ ही उसे परिवार वालों के सुपुर्द कर दिया गया है।

## स्कूटी से शराब का अवैध परिवहन, 82 पाव जब्त

**कटनी।** स्कूटी में शराब का अवैध रूप से परिवहन करते हुए एक व्यक्ति को रीठी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में की गई। रीठी थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान ने बताया कि अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। पुलिस के अनुसार रीठी बाईपास के पास पुलिस ने घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकड़ा, जो स्कूटी के माध्यम से अवैध शराब परिवहन कर रहा था। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से प्राप्त सूचना पर थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक राम पाठक एवं अजय मेहरा अमन मौके पर पहुंचे।

# खाद संकट: किसानों ने पन्ना रोड पर किया जाम, शिवराज पर लगाए झूठे वादों के आरोप

**सुबह 5 बजे से लाइन में लगे किसानों को न तो टोकन मिल रहा है और न ही खाद, जिससे नाराज होकर उन्होंने पन्ना रोड पर चक्का जाम कर दिया**

सतना।

किसानों को खाद की कमी के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खाद के लिए सुबह 5 बजे से लाइन में लगे किसानों को न तो टोकन मिल रहा है और न ही खाद,जिससे नाराज होकर उन्होंने पन्ना रोड पर चक्का जाम कर दिया। किसानों का कहना है कि खाद न मिलने से उनकी फसलों को भारी नुकसान हो रहा है। मौके पर पहुंचे एसडीएम राहुल सिलाडिया ने किसानों को समझाने की कोशिश की और आश्वासन दिया कि खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और सभी को खाद मिलेगी। हालांकि,किसानों ने उनके इस दावे पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर खाद पर्याप्त है तो उन्हें टोकन क्यों नहीं मिल रहा है। किसानों ने शिवराज सिंह चौहान पर झूठे वादों का आरोप लगाते हुए कहा कि जब वह केंद्रीय मंत्री के रूप में आए थे,तब उन्होंने पर्याप्त खाद होने का दावा किया था,लेकिन हकीकत में ऐसा कुछ नहीं है।किसानों ने बीजेपी सरकार और स्थानीय सांसद-विधायकों को भी इस समस्या के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत करने के बाद भी उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए किसानों ने यह भी चेतावनी दी कि अगर उन्हें जल्द से जल्द खाद नहीं मिली तो वे आत्महत्या कर लेंगे और इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।







### घंटों लाइन में लगने के बाद भी खाली हाथ

जिले में खाद वितरण व्यवस्था को लेकर किसानों में भारी आक्रोश है। श्याम पांडे,चैतन्य सिंह और शिवेंद्र सिंह जैसे कई किसानों का कहना है कि वे सुबह से ही खाद के लिए लंबी लाइनों में खड़े हैं, लेकिन उन्हें खाद नहीं मिल रही है। उनका आरोप है कि अधिकारियों की मिलीभगत से खाद व्यापारियों को दी जा रही है,जिससे इसकी कालाबाजारी हो रही है। किसानों ने बताया कि जहां एक ओर वे घंटों इंतजार के बाद भी खाली हाथ लौट रहे हैं,वहीं दूसरी ओर कुछ व्यापारी मनमाने दामों पर खाद बेचकर मुनाफा कमा रहे हैं। एक किसान ने आरोप लगाया कि उसके पास ऋण पुस्तिका होने के बावजूद उसे खाद नहीं दी गई। कर्मचारी ऋण पुस्तिका को वैध नहीं मान रहे हैं,जिससे किसानों की परेशानी और बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि केंद्रीय कृषि मंत्री लगातार यह बयान दे रहे हैं कि देश में खाद की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है,लेकिन इसके बावजूद उन्हें यहां खाद के लिए धक्के खाने पड़ रहे हैं। उनका सवाल है कि जब पर्याप्त स्टॉक है,तो किसानों को खाद क्यों नहीं मिल रही है।





## ट्रैक्टर रैली निकाल कर किसानों ने बिजली-खाद समेत 11 मांगें रखीं



**सतना।** भारतीय किसान संघ के आह्वान पर सोमवार को किसानों ने ट्रैक्टर रैली निकालकर अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाया। बारिश के बावजूद किसानों का उत्साह कम नहीं हुआ और उन्होंने कलेक्टर को 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। मैत्री पार्क के पास किसानों की एक सभा आयोजित की गई,जिसे संघ के प्रांत संगठन मंत्री तुकाराम,संभागीय मंत्री जयप्रकाश सिंह और जिलाध्यक्ष योगेश तिवारी ने संबोधित किया। नेताओं ने किसानों को एकजुट होकर अपनी मांगों के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया। सभा के बाद किसानों ने ट्रैक्टर रैली निकाली,जिसमें लगभग 100 ट्रैक्टर शामिल थे। रैली सेमरिया चौक और सर्किट हाउस चौक होते हुए व्यंकट क्रमांक 2 स्कूल के मैदान में समाप्त हुई। रैली के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए 2 डीएसपी समेत 70 पुलिस जवान तैनात किए गए थे। किसान संगठन ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने गांवों में वोल्टेज की समस्या का समाधान करने,ट्रांसफार्मर की उपलब्धता सुनिश्चित करने,खाद की समस्या को दूर करने और फसल बीमा में अनियमितता रोकने की मांग की। इसके साथ ही,आपदा से खराब हुई फसल का मुआवजा बढ़ाने की भी मांग की गई। किसानों ने भूमि अधिग्रहण कानून में संशोधन करने,आवारा पशुओं और जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा की व्यवस्था करने और जिले के पशु चिकित्सालय में तकनीकी मशीनों की कमी दूर करने की मांग भी की। किसानों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों पर जल्द ध्यान नहीं दिया गया, तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे।

## सिविल अस्पताल मैहर में मरीजों से अभद्रता

**ब्लड टेस्ट में बरती जा रही लापरवाही**



**मैहर।** सिविल अस्पताल मैहर में मरीजों को इलाज व जांच के लिए लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को ब्लड टेस्ट कराने पहुंचे मरीजों ने आरोप लगाया कि यहां पर कार्यरत कर्मचारी कामकाज छोड़कर मोबाइल चलाने और आपस में बातचीत करने में व्यस्त रहते हैं जिसके कारण मरीजों को घंटों लाइन में लगकर परेशान होना पड़ रहा है।मरीजों ने बताया कि ब्लड टेस्ट कैंपस में बैठी महिला स्टाफ और कर्मचारी मरीजों से अभद्रता करते हैं तथा 'मुंह देखी' कार्यवाही करते हैं। एक मरीज ने जब बार-बार कहने के बाद भी जांच नहीं हुई तो मजबूर होकर उसने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई।अस्पताल परिसर में मौजूद लोगों का कहना है कि ब्लड टेस्ट कक्ष में कर्मचारियों की लापरवाही साफ झलक रही है। कई मरीजों को समय पर जांच रिपोर्ट नहीं मिल पा रही है,जिससे उनका आगे का इलाज प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों और मरीजों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सिविल अस्पताल मैहर में व्याप्त अव्यवस्था और कर्मचारियों की मनमानी पर कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि मरीजों को सही समय पर जांच और उपचार मिल सके।

## वरिष्ठ नागरिक पेशनर्स संघ ने मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



मैहर।

*वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं मुख्य सचिव म.प्र.शासन के साथ जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निराकरण की मांग की गई। सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि म.प्र.एवं छत्तीसगढ़ पुर्नगठन अधिनियम 2000 की धारा 49 की छठी सूची को विलोपित किया जाए एवं मध्य प्रदेश सरकार छत्तीसगढ़ सरकार से सहमति लेना इस धारा के अंतर्गत प्रावधान नहीं है जिससे हमारे लाखों पेंशनरों को आर्थिक नुकसान 6 माहों तक भुगतना पड़ता है जिससे मध्य प्रदेश सरकार एवं छत्तीसगढ़ सरकार 25 वर्षो से पेंशनरों को परेशान किया जा रहा है। इसी तरह मांग की गई है कि शासकीय कर्मचारियों के अनुसार सेवा निवृत्त को लंबित प्रतिशत महंगाई राहत निर्धारित तिथि एंव बकाया राशि का भुगतान करने के आदेश प्रसारित किए जाएं। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय मुख्य पीठ जबलपुर एवं खण्ड पीठ इंदौर,ग्वालियर ने पेंशनरों के पक्ष अनेक निर्णय दिए जिसका परिपालन सचिवालय आयुक्तों,संचालकों एवं विभागाध्यक्षों के द्वारा परिपालन कराने के निर्देश दें जिससे पेंशनरों का आर्थिक लाभ का भुगतान हो सके। सेवा निवृत्त कर्मचारियों को विभागीय जांच 8 में पूर्ण हो जाने पर उनकी विभागीय जांच समा' की जावे एवं सेवा निवृत्त कर्मचारियों को उनके स्वत्त्वों का भुगतान कराने के निर्देश जारी किए जाए।*

## मध्य प्रदेश गौसेवक मैत्री संघ की बैठक आयोजित

**बैठक में संघ ने रखी अपनी समस्याएं,नहीं मानी गई तो होगा आंदोलन**

**मैहर।** मध्य प्रदेश गौसेवक मैत्री संघ की जिला पशु चिकित्सालय मैहर में पशुपालन एंव डेयरी विभाग के द्वारा राष्ट्रीय गोकुल मिशन अंतर्गत प्रशिक्षित कृत्रिम गर्भाधान मित्रों की जिलास्तरीय बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पशु चिकित्सक डॉ.प्रदीप द्विवेदी ने की। इस अवसर पर मैहर जिले से आए गौसेव मैत्री संघ के कार्यकर्ताओं के द्वारा विभागीय एवं अपनी समसयाओं से अवगत कराया गया जिस पर आवश्यक निर्देश दिए गए। कार्यशाला में गायों की नस्ल सुधार,कृत्रिम गर्भादान की महत्ता तथा डेयरी विकास से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर वीरेन्द्र सिह भदौरिया गौसेवक मैत्री संघ मैहर-सतना,विनोद सिंह,सुरेश तिवारी,अरविंद सिंह,जेपी द्विवेदी, सहित काफी संख्या में गौसेवक मैत्री संघ के सदस्यगण उपस्थित रहे।

### बाल मित्र योजना के तहत थाना अमरपाटन पुलिस के द्वारा स्कूली छात्र छात्राओं को कराया गया थाना भ्रमण

**मैहर।** पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे अभियान बाल मित्र योजना के तहत अमरपाटन पुलिस के द्वारा स्कूल के छात्र छात्राओ को थाना भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह परस्ते ने विद्यार्थियों को थाने की कार्यप्रणाली एवं दैनिक क्रियाकलापों की जानकारी दी, साथ ही उन्हें यातायात नियमों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। इसके अतिरिक्त छात्रों को साइबर अपराध से बचाव के उपाय,डायल-112 आपातकालीन सेवा का महत्व,तथा नशे के दुष्प्रभावों के बारे में भी जानकारी देकर जागरूक किया गया।

## जैतवारा पुलिस ने 5 हजार के इनामी फरार आरोपी को पकड़ा

**सतना।** जैतवारा पुलिस ने एक 5 हजार रुपए के इनामी फरार आरोपी पिंटू पयासी को गिरफ्तार किया है,जो कट्टे से गोली मारकर हत्या के प्रयास का आरोपी था। यह घटना 12 फरवरी की रात 12 बजे हुई थी,जब आरोपी पिंटू पयासी,सोनू पयासी और भोलू पयासी ने दुकान नहीं खोलने पर गाली-गलौज की। इस दौरान,पिंटू पयासी ने जान से मारने की नीयत से कट्टे से फायर कर गंभीर चोट पहुँचाई थी। इस मामले में,भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 296,115(2),117(1),109, 3(5) और आयुध अधिनियम की धारा 25/27 के तहत अपराध दर्ज किया गया था। पुलिस ने दो अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था,लेकिन पिंटू पयासी घटना के बाद से फरार था। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी पिंटू पयासी उर्फ विनय उम्र 40 वर्ष,निवासी चंदई को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना अपराध कबूल किया। पुलिस ने उसके पास से घटना में इस्तेमाल किया गया कट्टा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। इस सराहनीय कार्य में जैतवारा थाना प्रभारी उप निरीक्षक अभिषेक कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में उप निरीक्षक अजय सिंह परिहार,प्र.आर.विकल तिवारी,प्र.आर.अभिषेक शुक्ला,आर.रणविजय कुमार,आर.अभिषेक राय,आर. अमित दीक्षित,म.आर.सुनीता साकेत और आर.प्रशांत यादव का विशेष योगदान रहा।

## बदेरा पुलिस ने नाबालिग से रेप के फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**मैहर। बदेरा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की से बलात्कार के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा है। पुलिस अधीक्षक डॉ.चंचल नागर और नगर पुलिस अधीक्षक मैहर महेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।**

### घटना का विवरण

*पीड़िता ने 3 सितंबर को एक 28 वर्षीय युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उसे बहला-फुसलाकर उसके साथ रेप किया। शिकायत के आधार पर बदेरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर नंबर 224/25, धारा 65(1), 64(2)(एम), 351(3) बीएनएस और 4(2) पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। मामला दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस को सूचना मिली कि वह अपने पैतृक गांव भदनपुर में छिपा हुआ है। इसके बाद थाना प्रभारी अभिषेक सिंह परिहार के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई,जिसने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद,आरोपी को आवश्यक कानूनी कार्यवाही के लिए माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अभिषेक सिंह परिहार,उपनिरीक्षक आर.एन.रावत,सहायक उपनिरीक्षक सूर्यभान ठाकुरिया,प्रधान आरक्षक मनीष लारिया,आरक्षक शंभू राय,आरक्षक गजराज सिंह,आरक्षक चिंतामणि पांडेय और आरक्षक सुशील कुमार की सराहनीय भूमिका रही।*

## सिविल लाइन पुलिस ने इनामी स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

**सतना।** सिविल लाइन पुलिस ने एक वर्ष से अधिक समय से फरार चल रहे 5,000 के इनामी स्थायी वारंटी राकेश सिंगरहा को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि राकेश सिंगरहा उम्र 27 वर्ष,निवासी सहौला सोहावल चौराहा के पास घूम रहा है। सूचना मिलते ही,थाना प्रभारी ने तत्काल एक टीम गठित कर मौके पर रवाना किया। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर फरार चल रहे वारंटी राकेश सिंगरहा को सोहावल चौराहा से गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में निरीक्षक योगेन्द्र सिंह परिहार, प्र.आर. विवेक दुबे,प्र.आर.अविनय शर्मा,प्र.आर.दिलीप पाण्डेय,प्र.आर.सत्यवीर तिवारी और म.आर.ज्योति सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

## दिवाली और छठ पूजा के लिए सतना-दिल्ली के बीच चलेंगी स्पेशल ट्रेन

सतना।

त्योहारों के मौसम में यात्रियों की सुविधा के लिए,पश्चिम मध्य रेलवे ने जबलपुर और आनंद विहार टर्मिनल (दिल्ली) के बीच 12 फेरों के लिए एक विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन दिवाली और छठ पूजा के दौरान अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने में मदद करेगी। ट्रेन संख्या 01707 जबलपुर से आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल 29 सितंबर से 3 नवंबर 2025 तक हर सोमवार को दोपहर 2:40 बजे जबलपुर से चलेगी और अगले दिन दोपहर 12:25 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 01708 आनंद विहार टर्मिनल से जबलपुर स्पेशल 30 सितंबर से 4 नवंबर 2025 तक हर मंगलवार को दोपहर 1:45 बजे आनंद विहार टर्मिनल से चलेगी और अगले दिन सुबह 9:30 बजे जबलपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, शंकरगढ़, प्रयागराज जंक्शन, फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला, अलीगढ़ जंक्शन और गाजियाबाद स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में वातानुकूलित प्रथम, द्वितीय, तृतीय श्रेणी, शयनयान और सामान्य श्रेणी के कोच उपलब्ध होंगे। यात्री इन ट्रेनों के लिए टिकट आरक्षण किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केंद्र या आईआरसीटीसी की वेबसाइट से कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए,आप 139 पर कॉल कर सकते हैं या रेलवे की वेबसाइट देख सकते हैं।

**हिन्दुजा हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड**

HINDUJA HOUSING FINANCE

कार्पोरेट कार्यालय: 167-169, द्वितीय तल, लिटिल माउंट मेट्रो स्टेशन, साईपेठ, चेन्नई- 600015

रीजनल ब्रांच ऑफिस: 101-बी, प्रथम तल एनआर के विजिनेस पार्क विजय नगर, इंदौर (म.प्र.) 452010 Email - auction@hindujahousingfinance.com

**परिशिष्ट IV कब्जा नोटिस ( अचल संपत्ति हेतु )**

जहां तक अधोहस्ताक्षरी के अधिकृत अधिकारी होने के नाते हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (HHFL) के प्राधिकृत अधिकारी और वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण और सुरक्षा इंट्रेस्ट एक्ट 2002 के प्रवर्तन के तहत और सेक्शन 13(12) के तहत (प्रदत्त) शक्तियों के प्रयोग में सुरक्षा इंटेरस्ट (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ा जाता है। उधारकर्ताओं को कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किए गए नोटिस उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लेखित राशि को चुकाने के लिए नीचे दिए गए निर्देशों का उल्लेख किया गया है उधारकर्ता राशि को चुकाने में विफल रहा है, इस बात की जानकारी उधारकर्ताओं, गारंटरों और आम जनता को दी गई है कि अधोहस्ताक्षरी ने संपत्ति के अधिकार में नीचे वर्णित संपत्ति का अधिग्रहण कर लिया है, जो उस पर प्रदान की गई शक्तियों के खंड (4) के अधीन है। उक्त अधिनियम के 13 सुरक्षा इंट्रेस्ट प्रवर्तन नियम 2002 के सह नियम (8) के साथ पढ़े जाते हैं। आम तौर पर जनता को इस बात के सावधान किया जाता है कि उधारकर्ता संपत्ति का सौदा न करें और संपत्ति के साथ किसी भी सौदे के लिए एचएफएल के बदलाव का विषय होगा। राशि के अनुसार ब्याज के साथ यहां उल्लेख किया है।

| नाम और पता उधारकर्ता गारंटर/सहउधारकर्ता | डिमांड नोटिस तिथि देय राशि | सुरक्षित संपत्ति का विवरण | कब्जा तारीख एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| MP/JBR/REWA/A000000452 श्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह श्रीमती सुधा सिंह | 10.06.2025 Rs. 8,76,568/- | मौजा ग्राम कराही वार्ड नंबर 01 जवाहर लाल नेहरु वार्ड पीएच रामपुर बाघेलान तहसील रामपुर बाघेलान जिला, शहरी, सतना, मध्य प्रदेश, भारत - 485115. कुल क्षेत्रफल - 660 वर्ग फीट। सीमाएं - पूरब - 20 फीट रोड, पश्चिम - रवेंद्र प्रसाद शुक्ला की जमीन, उत्तर - विपिन बिहारी सिंह का प्लॉट, दक्षिण - सीमा सिंह की जमीन | 15/09/2025 Symbolic |
| MP/JBR/REWA/A000000512 श्री कुलदीप त्रिपाठी श्री रमाकान्त त्रिपाठी श्रीमती सीमा त्रिपाठी | 10.06.2025 Rs. 11,21,784/- | मौजा ग्राम गड़रिया ग्राम पंचायत गड़रिया जे एन 154 फोन नं जोरी 33 विकास खंड रीवा आर एन एम रीवा तहसी, शहरी, रीवा, मध्य प्रदेश, भारत - 486001. कुल क्षेत्रफल - 1035 वर्ग फुट सीमाएं - पूर्व - विक्रेता की भूमि, पश्चिम - सड़क, उत्तर - विक्रेता की भूमि, दक्षिण - रवींद्र सिंह का भूखंड | 15/09/2025 Symbolic |
| MP/JBR/REWA/A000000557 MP/JBR/REWA/A000000689 श्री अतुलेश्वर उर्मलिया श्रीमती अनुपमा उर्मलिया | 15.06.2025 Rs. 29,21,443/- | मौजा ग्राम समान वार्ड क्रमांक 15 जे एन 580 फोन समान 32 सर्किल रीवा तहसील हुजूर नगर निगम रीवा खसरा क्रमांक 950/1/1 रीवा, मध्य प्रदेश, भारत - 486001. कुल क्षेत्रफल - 194.377 वर्ग मीटर. सीमाएं - पूर्व - 20 फीट प्रस्तावित गली नाली सहित, पश्चिम - अन्य का प्लॉट, उत्तर - उमाशतनि त्रिपाठी का प्लॉट, दक्षिण - शुक्ला जी का प्लॉट | 15/09/2025 Symbolic |
| MP/JBR/REWA/A000000445 श्री मनोज कुमार दहिया श्रीमती संपति लुमर दहिया | 15.06.2025 Rs. 6,60,102/- | भूमि मौजा ग्राम चिरहुला फोन नंबर 23 आर एन एम रीवा तहसील हुजूर जिला रीवा खसरा नंबर 161/1/2, मध्य प्रदेश, भारत - 486001. कुल क्षेत्रफल - 1800 वर्ग फुट सीमाएं - पूर्व - सरकार की भूमि, पश्चिम - राम प्रताप और सुमित्रा देवी का प्लॉट, उत्तर - सड़क, दक्षिण - भूमि ओएस सुंदर यादव | 15/09/2025 Symbolic |
| MP/JBR/REWA/A000000587 श्री नीरज कुमार कुशवाहा श्रीमती छोटेलाल कुशवाह | 15.06.2025 Rs. 7,49,982/- | 250/1/2, मौजा कुबरी पटवारी हकला नंबर 12 आर एन एम जैतवारा विकासखंड मझगवा तहसील बिरसिंहपुर जिला सतना, मौजा कुबरी पटवारी हकला नंबर 12 आर एन एम जैतवारा विकासखंड मझगवा तहसील बिरसिंहपुर जिला सतना, ग्रामीण, सतना, मध्य प्रदेश, भारत - 485221. कुल क्षेत्रफल - 1615 वर्ग फीट। सीमाएं - पूर्व - सुंदरलाल खुश्वाहा, पश्चिम - रामविश्वास खुश्वाहा, उत्तर - महाजन खुश्वाहा, दक्षिण - सड़क | 15/09/2025 Symbolic |
| MP/JBR/REWA/A000000429 MP/JBR/REWA/A000000584 श्री पाराशर मिश्रा श्रीमती शालिनी मिश्रा | 15.06.2025 Rs. 17,86,911/- | संपत्ति का एक टुकड़ा मोझा-उरहट वार्ड क्रमांक 12 पी.एच. बारा तहसील हुजूर नगर जिला रीवा एम.पी. कसरा क्रमांक 110/1/4 पर स्थित है। कुल क्षेत्रफल - 800 वर्ग फीट। सीमा - पूर्व - पडिन मिश्रा का घर, पश्चिम - 10 फीट आरसीसी स्वीकृत सड़क, उत्तर - अजय मिश्रा का घर, दक्षिण - राकेश सिंह का घर | 15/09/2025 Symbolic |
| MP/JBR/REWA/A000000422 श्री प्रकाश नारायण सिंह श्रीमती श्वेता सिंह | 15.06.2025 Rs. 20,11,987/- | संपत्ति मोझा-जोरी पीएचएन नंबर जोरी, तहसील हुजूर नगर और जिला रीवा एमपी खसरा नंबर 189/2/1/1/1/1/2 पर स्थित है। कुल क्षेत्रफल - 900 वर्ग फीट। सीमा - पूर्व - मीनाक्षी सिंह हाउस, पश्चिम - शिव कुमार सिंह यूसी हाउस, उत्तर - राज रुप यादव विक्रेता भूमि, दक्षिण - कच्ची प्रस्तावित सड़क | 15/09/2025 Symbolic |
| MP/JBR/REWA/A000000604 श्री सुजीत कुमार पटेल श्रीमती सौखिल लाल | 15.06.2025 Rs. 12,16,347/- | मौजा बिगौदी पी.एच. बिगौदी तहसील अमरपाटन जिला:- सतना खासा नं.574/1/1, ग्रामीण, सतना, मध्य प्रदेश, भारत - 485778. कुल क्षेत्रफल - 4455 वर्ग फीट. सीमाएं - पूर्व - सौखी लालपटेल की जमीन, पश्चिम - बिगौदी ताला मुकुंद मार्ग रोड, उत्तर - अमन पटेल का मकान, दक्षिण - 15 फीट प्रस्तावित सड़क | 15/09/2025 Symbolic |
| MP/JBR/REWA/A000000564 श्री सुरेन्द्र कुमार मिश्रा श्रीमती राकेश कुमारी मिश्रा | 15.06.2025 Rs. 15,58,252/- | संपत्ति मोझा-जवा फोन नं.जवा, तहसील जवा और जिला रीवा एम.पी. खसरा नं. 1649/1 पर स्थित है। कुल क्षेत्रफल - 12240 वर्ग फीट। सीमाएं - पूर्व - 15 फीट प्रस्तावित सड़क, पश्चिम - जननाथ प्रसाद मिश्रा की भूमि, उत्तर - धर्मेंद्र मिश्रा की भूमि, दक्षिण - रमेश मिश्रा की भूमि | 15/09/2025 Symbolic |
| MP/JBR/REWA/A000000188 स्वर्गीय श्री दीप नारायण मिश्रा के कानूनी उत्तराधिकारी श्रीमती पुष्पा मिश्रा | 26.06.2025 Rs. 6,91,984/- | संपत्ति खसरा नं.26/5/2, ग्राम/मौजा दादर हल्का दादर, तहसील सिरमौर जिला - रीवा म.प्र. 486001 पर स्थित है। कुल क्षेत्रफल - 1010 वर्ग फीट या 0.101 हेक्टेयर, सीमाएं - पूर्व - श्रीमती सोमवत्त मिश्रा की भूमि, पश्चिम - विक्रेता की भूमि, उत्तर - प्रधानमंत्री रोड, दक्षिण - श्री मोहन सिंह की भूमि | 15/09/2025 Symbolic |
| MP/JBR/STNA/A000000096 स्वर्गीय श्री राकेश रायकवार के सभी कानूनी उत्तराधिकारी श्रीमती बसंती पप्पू रायकवार श्री संतोष कुमार रायकवार | 26.06.2025 Rs. 6,15,057/- | मौजा उमरी, वार्ड क्र.03, पी.एच.नं. 66, सर्वे नं. 111/ 2/1/1/3, सर्किल सतना, तहसील रघुराजनगर, जिला: सतना-485001. कुल क्षेत्रफल - 750 वर्ग फीट सीमा - पूर्व - विक्रेता की भूमि, पश्चिम - श्री जवाहरलाल धेया की भूमि, उत्तर - राधिका प्रसाद की भूमि, दक्षिण - सड़क 10 फीट | 15/09/2025 Symbolic |

**वैधानिक नोटिस उधारकर्ताओं / जमानतदार**

उधारकर्ताओं / जमानतदारों को स्टेटमेंट नोटिस द्वारा सावधानी पूर्वक कहा जाता है कि संपत्ति को किसी भी समय सार्वजनिक नीलामी / निविदाओं के माध्यम से बेंचा जा सकता है और इस तरह इसे सुरक्षा ( बयाज ) प्रवर्तन नियम 2002 नियम 6, 8 और 9 के तहत एक नोटिस के रूप में भी माना जा सकता है। प्राधिकारी अधिकारी मोबाईल नं.- Vaibhav Shrivastav - 7987969803, Rajesh Chakotiya - 84355 71111, Sameer Singh - 9584290575, Ajay Bhatiya - 78986 07955

दिनांक - 16/09/2025

प्राधिकृत अधिकारी, हिन्दूजा हाऊसिंग, फायनेंस लिमिटेड

**खबर संक्षेप**

### अमानगंज किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**अमानगंज।** अमानगंज क्षेत्र के किसान लंबे समय से सिंचाई, सड़क, खाद-बीज, पशुचिकित्सा, मुआवज़ा और सरकारी योजनाओं में अनियमितताओं से जूझ रहे हैं। इन्हीं समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ ने सोमवार को कलेक्टर पन्ना को ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल समाधान की माँग की। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं पर जल्दी कार्रवाई नहीं हुई तो किसान आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### नहरों की सफाई और तालाबों के गहरीकरण करने की मांग

**अमानगंज।** भारतीय किसान संघ (एवं पशुपालक) ग्राम अमानगंज जिला पन्ना ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा कि क्षेत्र में सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। नहरें व तालाब मरम्मत के अभाव में सूख चुके हैं, कुओं और पंपों में पानी नहीं पहुँच रहा जिससे खरीफ व रबी फसलें बर्बाद हो रही हैं। निजी ट्यूबवेल व टैंकरों पर निर्भरता बढ़ने से खेती की लागत कई गुना बढ़ गई है। किसानों ने माँग की कि नहरों की सफाई और तालाबों के गहरीकरण का कार्य तत्काल किया जाए। ज्ञापन में बताया गया कि खेतों तक जाने वाले कच्चे रास्ते और गाँवों को जोड़ने वाली सड़कें अत्यंत जर्जर हैं। बरसात में यातायात पूरी तरह ठप हो जाता है और किसान अपनी उपज मंडियों तक नहीं पहुँचा पाते। खराब सड़कों के कारण ग्रामीणों की रोज़मर्रा की जरूरतें भी प्रभावित हो रही हैं। किसानों ने पक्की सड़कों और नियमित रखरखाव की माँग की। पशुपालक किसानों ने कहा कि क्षेत्र में पशु चिकित्सालय और डॉक्टरों की भारी कमी है। समय पर टीकाकरण और दवाएँ न मिलने से दुधारू पशु बीमार हो रहे हैं और दुग्ध उत्पादन घट रहा है। उन्होंने माँग की कि अमानगंज क्षेत्र में स्थायी पशु चिकित्सालय, पर्याप्त दवाएँ और मोबाइल वेटरनरी यूनिट उपलब्ध कराई जाए। किसानों ने शिकायत की कि सरकारी सहकारी समितियों में खाद-बीज समय पर उपलब्ध नहीं होते जबकि खुले बाजार में ऊँचे दाम और मिलावट की शिकायतें आम हैं। समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज और उर्वरक न मिलने से उत्पादन घटता है और लागत बढ़ती है। किसानों ने माँग की कि सहकारी समितियों में पारदर्शी वितरण सुनिश्चित किया जाए। ज्ञापन में कहा गया कि प्राकृतिक आपदा, सूखा या ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति का मुआवज़ा समय पर नहीं मिलता और फसल बीमा योजना की प्रीमियम कटौती तो हो जाती है लेकिन भुगतान महीनों तक अटका रहता है। इससे किसानों को कर्ज़ और आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता है। उन्होंने माँग की कि मुआवज़ा और बीमा भुगतान की प्रक्रिया सरल व त्वरित बनाई जाए। भारतीय किसान संघ ने प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि और अन्य योजनाओं में चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाए। ज्ञापन में कहा गया कि कई पात्र किसान लाभ से वंचित हैं जबकि अपात्र लोगों को लाभ दिया जा रहा है। संगठन ने माँग की कि सभी योजनाओं में पारदर्शिता व पात्रता की जाँच सुनिश्चित हो। भारतीय किसान संघ ने चेतावनी दी कि यदि माँगों का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो किसान संगठन आंदोलन को मजबूर होगा। कलेक्टर से आग्रह किया गया है कि अमानगंज क्षेत्र के किसानों की इन बुनियादी समस्याओं पर तुरंत संज्ञान लिया जाए ताकि उनकी आजीविका सुरक्षित रह सके और खेती-पशुपालन फिर से पटरी पर लौट सके।

### उच्च न्यायालय के टी.ई.टी. संबंधी निर्णय के संबध में सौंपा ज्ञापन

पन्ना। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अव्हान एवं नेतृत्व में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला पन्ना ने भी उच्चतम् न्यायालय द्वारा शिक्षकों के टीईटी परीक्षा अनिवार्य करने वाले निर्णय के संबंध में माननीय प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौपा। इस संबंध में शिक्षकों की मांग है कि शिक्षा का अधिकार कानून 2010 से लागू किया गया है इसके पूर्व निर्धारित अर्हतायें पूर्ण कर शिक्षक सेवा में आये है जिसमें व्यापम परीक्षा भी शिक्षकों ने पास की है। अतः 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी परीक्षा लागू न की जाये अन्यथा लाखों परिवारों की अजीविका पर संकट आ सकता है तथा यह निर्णय लाखों परिवारों को प्रभावित करेगा जबकि विगत कई वर्षों से शिक्षक पूरे मनोयोग से अपने दायित्वों का निर्वाहन कर रहे है इस विषय को लेकर सैकडों की संख्या में शिक्षकों के साथ जिलाध्यक्ष विजय मिश्रा कोषाध्यक्ष संजय खरे शेषमणी दुबे सुनील पाण्डेय, राजेश मिश्रा, अमित सिंह, राजकिशोर शर्मा, कुलदीप त्रिवेदी, आशीष रैकवार, रामकृष्ण पाठक, शरद श्रीवास्तव विमला सिंह मोना प्रजापति विनोद पाण्डेय, सजीना मेडम, नवीन पाण्डेय, प्रदीप खरे, प्रेम शर्मा, अजय तिवारी, राकेश तिवारी, शिव कुमार शुक्ला, सुधीर द्विवेदी, इन्द्रपाल बागरी, पंचम सिंह, आशीष खरे, रंजीत कुशवाहा, जसवंत सिंह आनंद जैन राम खिलावन आदि उपस्थित रहे।

**आरोपी के कब्जे से मृतक की मोटर साइकिल बरामद**

# पुलिस ने पवई थाना क्षेत्र में हुये अंधे हत्याकाण्ड का किया खुलासा

**आरोपी द्वारा हत्या कारित कर घटना छिपाने के उद्देश्य से मृतक के शव एवं मोटर साइकिल को जमीन में दफनाया था**



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान के मार्गदर्शन में पन्ना पुलिस द्वारा थाना पवई थाना में दर्ज अंधे हत्याकाण्ड का खुलासा किया जाकर मामले में 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मामले में दिनांक 22/07/25 को थाना पवई में फरियादी रामप्यारे चौधरी निवासी ग्राम मुराछ द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसका पुत्र राजकुमार चौधरी उम्र लगभग 30 वर्ष घर से बिना बताए कहीं चला गया है। रिपोर्ट पर थाना पवई में गुम इंसान क्रमांक 48/25 कायम किया जाकर जाँच में लिया गया। जांच के दौरान थाना अमानगंज अंतर्गत जड़यि नाला के पास एक अज्ञात शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। मौके पर पुलिस टीम द्वारा मर्ग कार्यवाही उपरान्त मृतक के कपड़े एवं अन्य आधार पर शव की पहचान राजकुमार चौधरी के रूप में की गई। मामले में मर्ग कायम किया जाकर जाँच में लिया गया। मामला संदेहास्पद प्रतीत होने से थाना प्रभारी पवई निरीक्षक त्रिवेन्द्र त्रिवेदी द्वारा घटना की विस्तृत जानकारी तत्काल वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई । पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा मामले में बारीकी से जाँच करने हेतु थाना स्तर पर एक पुलिस टीम का गठन किया गया । मामले में पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया एवं मृतक का पोस्टमार्टम करवाया गया । पी एम रिपोर्ट एवं घटना स्थल पर मिले साक्ष्य के आधार पर मामला हत्या का प्रतीत होने से मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध हत्या का अपराध कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया । मामले में पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया गया। साथ ही मृतक के परिजनों एवं आसपास के ग्रामीणों से पूँछताछ की गई। मामले में एक संदेही व्यक्ति को चिन्हित किया जाकर पुलिस टीम द्वारा पुलिस सायबर सेल से मिली जानकारी अनुसार अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। जिसके फलस्वरूप पुलिस टीम द्वारा मामले में चिन्हित व्यक्ति को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूँछताछ की गई । पूँछताछ पर संदेही व्यक्ति द्वारा अपना नाम पता पुलिस टीम को बताया गया । पुलिस टीम द्वारा घटना के संबंध में कड़ाई से पूँछताछ किये जाने पर संदेही द्वारा बताया गया कि मृतक मेरी पत्नी को लगातार परेशान कर रहा था । इसी बात पर मैने मृतक को मारने की योजना बनाई थी । दिनांक 23/07/25 को मैंने मृतक को फोन करके अपने गांव नयागांव बुलाकर रात में शराब व मांसाहार की पार्टी करने के बाद अपने एक साथी की मदद से मृतक राजकुमार चौधरी की गला दबाकर हत्या कर दी थी । मैने घटना को छिपाने के लिये मृतक राजकुमार के शव को नाले के किनारे गड्ढा खोदकर दफना दिया था। मृतक की मोटरसाइकिल को भी कुछ दूर गड्ढा खोदकर छिपा दिया है । पुलिस टीम द्वारा आरोपी के बताये अनुसार मृतक की मोटर साइकिल बरामद की जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है । मामले के अन्य आरोपी को भी जल्दी ही गिरफ्तार किया जावेगा । मामले में विवेचना जारी है ।

**जप्त सामग्री** – पुलिस टीम द्वारा आरोपी के बताये अनुसार मृतक की मोटर साइकिल को बरामद किया गया है ।

गिरफ्तार आरोपी - पुलिस टीम द्वारा मामले में आरोपी सुखदास आदिवासी, निवासी ग्राम नयागांव थाना अमानगंज को गिरफ्तार किया गया है।

**सराहनीय योगदान** – उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी पवई निरीक्षक त्रिवेंद्र त्रिवेदी, प्रधान आरक्षक गणेश सिंह, अनिल गर्ग, प्रधान आरक्षक चालक नागेंद्र, आर. प्रेम नारायण, महेश चौहान, एनआरएस गोपी, महेंद्र एवं पुलिस साइबर सेल टीम पन्ना का महत्वपूर्ण योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत करने की घोषणा की गई है।

## देवेंद्रनगर में श्रीमद्भागवत कथा महापर्व, कृष्ण-राम जन्मोत्सव से गूंजा नगर

### स्वामी आत्मानंद गिरि जी महाराज ने कहा, धर्म की रक्षा हेतु प्रभु के अवतार अनवरत



**देवेन्द्रनगर।** पंचदशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी आत्मानंद गिरि जी महाराज के श्रीमुख से चल रही श्रीमद्भागवत कथा महापर्व के चौथे दिन (15 सितम्बर) नगर भक्ति और आध्यात्मिकता से सराबोर हो उठा। इस दिन श्रीराम जन्मोत्सव और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का दिव्य आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालु झूम उठे। 12 सितम्बर को भव्य कलश यात्रा से श्रीमद्भागवत कथा महापर्व का शुभारंभ हुआ। 13 सितम्बर को भगवान के दशावतारों की महागाथा, 14 सितम्बर को प्रह्लाद चरित्र एवं बलीदृवामन अवतार का मार्मिक प्रसंग हुआ। 15 सितम्बर को कथा पंडाल श्रीराम जन्मोत्सव और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की भव्यता से आलोकित हुआ। स्वामी आत्मानंद गिरि जी महाराज के प्रवचन में अपने उद्बोधन में कहा- श्रीराम जन्म हमें मर्यादा, सत्य और धर्मनिष्ठा की प्रेरणा देता है। भगवान राम का अवतरण यह संदेश है कि अन्याय और अधर्म पर विजय निश्चित है। वहीं श्रीकृष्ण जन्म अंधकार में प्रकाश और भक्ति में माधुर्य का प्रतीक है। कृष्ण लीला हमें निडरता, प्रेम और लोककल्याण की राह दिखाती है। जब-जब धर्म की हानि होती है और असुरता का विस्तार होता है, तब-तब प्रभु विविध शरीर धारण कर सज्जनों की पीड़ा हरते हैं। युग-युग में धर्म की स्थापना हेतु भगवान अवतरित होते हैं। यदुवंश में श्रीकृष्ण, भृगुवंश में भगवान परशुराम और रघुवंश में भगवान श्रीराम का अवतरण इसी शाश्वत परंपरा के प्रतीक हैं। प्रभु के अवतार हमें बतलाते हैं कि धर्म अजर और अमर है तथा सत्य की विजय निश्चित है कथा पंडाल रामदरबार, कंस कारागार, गोकुल, वसुदेवदृदेवकी, नंदबाबा का आंगन जैसी सजीव झांकियों से दमक उठा। श्रद्धालु "जय श्रीराम" व "जय कन्हैया लाल की" के जयकारों के साथ नृत्य करते रहे। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने भक्ति में डूबकर भजनदृकीर्तन किए। घंटियों की ध्वनि, शंखनाद और भक्ति संगीत ने वातावरण को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक आर.के. गार्डन, सलेहा रोड, देवेंद्रनगर में आयोजित हो रही है। 19 सितम्बर को समापन अवसर पर विशाल हवन व भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

## सरस्वती शिशु मंदिर के पूर्व छात्र भैया लक्ष्मी नारायण रावत का एमपीपीएससी में चयन

### विद्यालय परिवार ने दी बधाई, देवेंद्रनगर का नाम किया रोशन



**देवेन्द्रगनर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, देवेंद्रनगर के पूर्व छात्र भैया लक्ष्मी नारायण रावत (ग्राम बड़वारा) ने एमपीपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सीईओ, जनपद पंचायत पद पर चयनित होकर नगर और विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय परिवार ने उन्हें हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि सरस्वती शिशु मंदिर, देवेंद्रनगर की स्थापना विद्यार्थियों में संस्कार, शैक्षिक उत्कृष्टता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के उद्देश्य से हुई थी। वर्षों से यह विद्यालय शिक्षा, अनुशासन और चरित्र निर्माण के क्षेत्र में अग्रणी रहा है तथा यहाँ से अनेक विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर चुके हैं। भैया लक्ष्मी नारायण रावत ने धार्मिक बोर्ड की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम पाया। विद्यालय परिवार ने इसे "सरस्वती की खदान से निकला एक और बेशकीमती हीरा" बताते हुए गर्व व्यक्त किया।

### पदाधिकारियों की शुभकामनाएँ

प्राचार्य पूरन सिंह राजपूत ने कहा कि "भैया लक्ष्मी नारायण रावत ने विद्यालय की शिक्षापरंपरा को गौरवान्वित किया है, यह हम सबके लिए गर्व का क्षण है। शिशु विकास समिति के अध्यक्ष आर. के. बागरी ने कहा कि"उनकी सफलता हमारे सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेगी। संरक्षक सदस्य डॉ. रामसुख सोनी ने कहा कि "यह उपलब्धि देवेंद्रनगर और विद्यालय दोनों के सम्मान को नई ऊँचाई दे रही है। व्यवस्थापक रामलखन शुक्ला ने कहा कि "भैया लक्ष्मी नारायण रावत की मेहनत और लगन भावी पीढ़ी के लिए अनुकरणीय है।"

## अंतर्राष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव को लेकर एडिशनल एसपी ने व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण





**पन्ना।** पन्ना में आयोजित होने वाले आगामी 2 अक्टूबर से 10 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान, नगर निरीक्षक रोहित मिश्रा व यातायात थाना प्रभारी सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय से सुशील लुनिया सहित स्टाफ के अन्य लोगों द्वारा श्री प्राणनाथ मंदिर पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एडिशनल एसपी सुश्री चौहान द्वारा बाहर से आने वाले तीर्थयत्रियों के रुकने की व्यवस्थाओं को भी देखा साथ ही उनके ठहरने व भोजन व्यवस्था आदि संबंधित सभी जगह का निरीक्षण किया। मालूम हो कि आगामी आने वाले 10 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव मैं देश-विदेश से पन्ना पहुंचने वाले हजारों श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था हेतु पूर्व से की जा रही तैयारी का जायजा लिया गया। इस अवसर पर श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर के अध्यक्ष महेश भाई पटेल उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, सचिव प्रेम कुमार शर्मा, पूर्व सचिव राकेश कुमार शर्मा, ट्रस्टी अनिल शर्मा, प्रेम किशोर शर्मा, नरेंद्र शर्मा, चिदानंद शर्मा, दीपराज शर्मा द्वारा उन्हें समुचित व्यवस्थाओं से अवगत कराया गया।

## तेज रफ्तार मोटर बाइक ने राह चल रहे तीन लोगों को मारी टक्कर, एक की हालत गम्भीर



**बाईपास पुल के पास घटी घटना**

**पन्ना।** जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अमानगंज बाईपास पुल के पास सोमवार की रात लगभग 7:00 बजे एक सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है जिसमें मोटरबाइक चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चला कर राह चल रहे तीन लोगों को टक्कर मार दी घटना में तीन लोग घायल हो गए हैं जिसमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है घायलों में कुलदीप चौबे दीपांशु शर्मा दोनों निवासी अमानगंज एवं तीसरा व्यक्ति धर्मेंद्र पिता रामहेत अवस्थी निवासी ग्राम ककरहाई है धर्मेंद्र की हालत गंभीर बनी



हुई है जिसे प्राथमिक उपचार देकर कटनी के लिए रेफर कर दिया

## अंतर महाविद्यालय जिला स्तरीय बैडमिंटन पुरुष प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**पन्ना। छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के विज्ञान खंड स्थित क्रीड़ा विभाग में अंतर महाविद्यालय जिला स्तरीय बैडमिंटन पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया उक्त प्रतियोगिता में छत्रसाल कॉलेज एवं शासकीय महाविद्यालय पवई के खिलाड़ियों द्वारा सहभागिता की गई।**

चयनकर्ता के रूप में शासकीय महाविद्यालय गुन्नौर के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. जितेंद्र पाण्डेय,एवं शासकीय महाविद्यालय देवेंद्र नगर के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार सिंह तथा शासकीय महाविद्यालय पवई से कोच के रूप में डॉ कमल प्रताप परमार उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का उद्घाटन सत्र में चयनकर्ताओं द्वारा दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया तदुपरांत पहला मैच महाविद्यालय के खिलाड़ी ओम गुप्ता एवं शासकीय महाविद्यालय पवई के खिलाड़ी आदेश प्रताप सिंह के विरुद्ध खेला गया। जिसमें पन्ना महाविद्यालय का छात्र विजेता रहा दूसरा मैच



छत्रसाल शासकीय महाविद्यालय के छात्र आदित्य मिश्रा एवं शासकीय पवई महाविद्यालय के छात्र पुष्पराज सिंह के बीच खेला गया । जिसमें भी महाविद्यालय के देवेश मिश्रा ने जीत हासिल की तत्पश्चात रैंकिंग मैचेस खेले गए जिसमें नंबर एक रैंक पर छत्रसाल कॉलेज की छात्र आशुतोष गोस्वामी ने अपनी लास्ट ईयर की स्थिति बरकरार रखी। तत्पश्चात इसी क्रम में तनिष्क तिवारी ,अभिनय सिंगल, अमन खान, देवेश मिश्रा, ओम गुप्ता इत्यादि की रैंकिंग निर्धारित की गई। समापन अवसर पर महाविद्यालय की क्रीड़ा अधिकारी श्री धर्मेंद्र यादव द्वारा संपूर्ण प्रतियोगिता का प्रतिवेदन एवं अन्य महाविद्यालय से आए हुए क्रीड़ा अधिकारियों के आभार प्रदर्शन के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के 100 से अधिक छात्र-छात्राएं इनडोर हॉल में उपस्थित रहे एवं प्रतियोगिता प्रेषक के रूप में वाणिज्य संकाय के डॉ बी. एन. जायसवाल सर ने अपने दायित्व का निर्वहन किया। महाविद्यालय के छात्रों की इस सफलता पर प्राचार्य डॉ एस.डी.चतुर्वेदी महोदय द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया एवं आने वाले संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों को शुभ कामनाएं प्रेषित की। संभाग स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन भी महाविद्यालय द्वारा 25एवं 26 सितंबर को प्रस्तावित है।

# देवेंद्रनगर में श्रीमद्भागवत कथा महापर्व कृष्ण–राम जन्मोत्सव से गूंजा नगर

**स्वामी आत्मानंद गिरि जी महाराज ने कहा – धर्म की रक्षा हेतु प्रभु के अवतार अनवरत**

**झांकियों व भजनों ने श्रद्धालुओं को किया मंत्रमुग्ध**

**देवेंद्रनगर।** पंचदशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी आत्मानंद गिरि जी महाराज के श्रीमुख से चल रही श्रीमद्भागवत कथा महापर्व के चौथे दिन (15 सितम्बर) नगर भक्ति और आध्यात्मिकता से सराबोर हो उठा। इस दिन श्रीराम जन्मोत्सव और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का दिव्य आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालु झूम उठे।12 सितम्बर को भव्य कलश यात्रा से श्रीमद्भागवत कथा महापर्व का शुभारंभ हुआ। 13 सितम्बर को भगवान के दशावतारों की महागाथा, 14 सितम्बर को प्रह्लाद चरित्र एवं बली–वामन अवतार का मार्मिक प्रसंग हुआ। 15 सितम्बर को कथा पंडाल श्रीराम जन्मोत्सव और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की भव्यता से आलोकित हुआ।स्वामी आत्मानंद गिरि जी महाराज के प्रवचनमें अपने उद्बोधन में कहा –श्रीराम जन्म हमें मर्यादा, सत्य और धर्मनिष्ठा की प्रेरणा देता है। भगवान राम का



अवतरण यह संदेश है कि अन्याय और अधर्म पर विजय निश्चित है। वहीं श्रीकृष्ण जन्म अंधकार में प्रकाश और भक्ति में माधुर्य का प्रतीक है। कृष्ण लीला हमें निडरता, प्रेम और लोककल्याण की राह दिखाती है जब-जब धर्म की हानि होती है और असुरता का विस्तार होता है, तब-तब प्रभु विविध शरीर धारण कर सज्जनों की पीड़ा हरते हैं। युग-युग में धर्म की स्थापना हेतु भगवान अवतरित होते हैं। यदुवंश में श्रीकृष्ण, भृगुवंश में भगवान परशुराम और रघुवंश में भगवान श्रीराम का अवतरण इसी शाश्वत परंपरा के प्रतीक हैं। प्रभु के अवतार हमें बतलाते हैं कि धर्म अजर और अमर है तथा सत्य की विजय निश्चित है कथा पंडाल रामदरबार, कंस कारागार, गोकुल, वसुदेव–देवकी, नंदबाबा का आंगन जैसी सजीव झांकियों से दमक उठा। श्रद्धालु "जय श्रीराम" व "जय कन्हैया लाल की" के जयकारों के साथ नृत्य करते रहे। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने भक्ति में डूबकर भजन–कीर्तन किए। घंटियों की ध्वनि, शंखनाद और भक्ति संगीत ने वातावरण को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया।कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक आर.के. गार्डन, सलेहा रोड, देवेंद्रनगर में आयोजित हो रही है। 19 सितम्बर को समापन अवसर पर विशाल हवन व भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

## जसवंतपुरा मोड़ से लेकर जसवंतपुरा ग्राम तक फैले अतिक्रमण की खबर मिलने के बाद मौके पर पहुंचा राजस्व प्रशासन ने किया सीमांकन



**पन्ना।** जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले जसवंतपुरा ग्राम के निवासी दर्जन भर युवाओं ने दो से तीन दिन पूर्व अमानगंज तहसील कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सोपा था जिसमें उल्लेख किया गया था कि जसवंतपुरा मोड़ से लेकर ग्राम जसवंतपुरा तक शासकीय भूमि पर लोगों द्वारा अवैध अतिक्रमण कर मकान बनाए जा रहे और भूमि को अपने कब्जे में लिया जा रहा है खबर मिलने के बाद आज दिन सोमवार की दोपहर लगभग 12 से 1:00 के बीच राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पूरी भूमि का सीमांकन किया जिसमें कई लोगों के द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा जमाया हुआ है सीमांकन के दौरान जसवंतपुरा ग्राम के लोग भी काफी संख्या में मौजूद रहे तो वहीं राजस्व प्रशासन से विक्रमपुर हल्का पटवारी द्वारी हल्का पटवारी एवं जसवंतपुरा हल्का के पटवारी मौजूद रहे साथ में आर आई प्रमोद प्रजापति के नेतृत्व में यह सीमांकन हुआ।

## तेज रफ्तार बाइक चालक बछिया से टकराया, दो घायल

**पन्ना।** जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के मालगंज का नोट सड़क मार्ग पर बीती रात लगभग 10:00 बजे एक तेज रफ्तार मोटर बाइक चालक एक बसिया से जा टकराया और इस घटना में अपने एक साथी के साथ गंभीर रूप से घायल हो गया दोनों को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज इलाज हेतु दाखिल कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर बताई गई और जिला चिकित्सालय जाने की चिकित्सक ने उन्हें सलाई दी घटना में घायल हुए युवक का नाम महेंद्र कुशवाहा और उसके साथी का नाम कमलेश कुशवाहा बताया गया दोनों ही टोराह गांव के निवासी बताए गए जो अपने किसी काम से नाते रिश्तेदारी में जा रहे थे और जैसे ही अमानगंज को प्रवेश किय तो घटना का शिकार हो गए।

## आरोपी के तीन सहयोगी भी पकड़े, तीन अन्य की तलाश जारी

# जिला अस्पताल से फरार हुए कुख्यात अपराधी रविन्द्र सिंह को पुलिस ने दबोचा



**छतरपुर।** गत 9 सितंबर को जिला अस्पताल के कैदी वार्ड से फरार हुए कुख्यात अपराधी रविन्द्र सिंह को बीती रात पुलिस टीम ने एक बार फिर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि फरार होने में आरोपी का कुल 6 लोगों ने साथ दिया था, उनमें से तीन को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य तीन की तलाश अभी जारी है। पुलिस ने आरोपी को ओरछा रोड थाना क्षेत्र में पनौठा के जंगलों से गिरफ्तार करने का दावा किया है, लेकिन दूसरी ओर चर्चा है कि पुलिस के दबाव में आकर आरोपी ने सरेंडर किया है। बहरहाल जो भी हो लेकिन रविन्द्र सिंह का गिरफ्तार होना पुलिस के लिए राहत की खबर है। सोमवार की शाम को पुलिस लाइन के कॉन्फ्रेंस हॉल में पुलिस अधीक्षक द्वारा अब तक हुई कार्रवाई की विस्तृत जानकारी मीडिया को दी गई।

पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि गत 9 सितंबर को कुख्यात अपराधी रविन्द्र सिंह छतरपुर जिला अस्पताल के कैदी वार्ड से पुलिसकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया था। इस दौरान आरोपी ने एक पुलिसकर्मी की राइफल भी चुरा ली थी। आरोपी के फरार होने के बाद सागर आईजी श्रीमती हिमानी

### पुलिस ने किया जंगल से गिरफ्तारी का दावा, सरेंडर होने की चर्चा

खन्ना ने रविन्द्र सिंह की गिरफ्तारी पर 30,000 रुपये का इनाम घोषित किया था। साथ ही मामले की गंभीरता को देखते हुए 25 सदस्यीय विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की थी, जो उसी दिन से लगातार तलाशी अभियान चला रही थी। एसपी श्री जैन के मुताबिक ग्राम देरी निवासी रविंद्र सिंह परिहार को पुलिस टीम ने रविवार की रात करीब 11 बजे पनौठा के पास जंगल में घेराबंदी कर पकड़ा और उसके कब्जे से चोरी की राइफल बंदूक(पुलिस वेपन), तीन मोबाइल फोन और स्प्लेंडर बाईक बरामद की। एसपी ने बताया कि रविन्द्र सिंह को भगाने में 6 लोगों ने सहयोग किया था, जिनमें छतरपुर के नामी अपराधी जफ्फू उर्फ जाफिर खान, अश्वनी सक्सेना, दीपक परिहार के अलावा चंद्रभान उर्फ गोलू पुत्र विष्णु अनुरागी निवासी ग्राम देरी, प्रदीप सिंह पुत्र जयपाल सिंह चंदेल निवासी ग्राम खीर महेरी और अंगद सिंह पुत्र रघुवीर सिंह सिसौदिया निवासी ग्राम ललौनी शामिल हैं। एसपी के मुताबिक उक्त सह आरोपियों में से चंद्रभान, प्रदीप और अंगद सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि जफ्फू, अश्वनी



और दीपक की तलाश अभी जारी है। एसपी अगम जैन ने कहा कि यह गिरफ्तारी पुलिस की सतर्कता और टीमवर्क का परिणाम है। आरोपी को जल्द ही न्यायालय में पेश किया जाएगा, और चोरी की राइफल के मामले में अतिरिक्त कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि आरोपी रविन्द्र सिंह लंबे समय से पुलिस की लिस्ट में हिस्ट्रीशीटर रहा है। उसके खिलाफ थाना ओरछा रोड, मातगुवां सहित कई थानों में हत्या का प्रयास, बलवा, रोड एक्सीडेंट, एससी एसटी, अवैध हथियार जैसे 13 से अधिक मामले दर्ज हैं। नवंबर 2024 में पुलिस ने मातगुवां थाना क्षेत्र में शॉर्ट एनकाउंटर करके उसे गिरफ्तार किया था। आरोपी की पुनः गिरफ्तारी के बाद उसे रात भर ओरछा रोड थाना में रखा गया, जहां भारी पुलिस बल तैनात रहा साथ ही एसपी, एडिशनल एसपी सहित पुलिस के कई अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। चूंकि आरोपी के फरार होने के बाद लगातार लोग पुलिस पर सवाल उठा रहे थे और आरोपी के गृहग्राम देरी में दहशत का माहौल निर्मित हो गया था, लिहाजा रविन्द्र सिंह की गिरफ्तारी से न केवल पुलिस ने बल्कि देरी गांव के लोगों ने भी राहत की सांस ली है।

## खबर संक्षेप

### आवास योजना का अनैतिक लाभ लेने वालों पर कसा जा रहा शिकंजा



**छतरपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत पात्र हितग्राहियों को पक्का मकान बनाने के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है, लेकिन कुछ लोग योजना का अनैतिक तरीके से लाभ ले रहे हैं? जिन्हें अब चिन्हित कर वसूली की जा रही है। चिन्हित परिवारों में वे लोग शामिल हैं, जिन्हों ने तो अपूर्ण आवास बनाए हैं या फिर दस्तावेजों में हेरफेर कर एक के स्थान पर दो हितग्राहियों का लाभ अर्जित किया है।मुख्य नगरपालिका अधिकारी माधुरी शर्मा ने बताया कि कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में नगर पालिका की एक टीम उक्त लोगों से लगातार वसूली कर रही है। शहर में चिन्हित परिवारों से कुल 72 लाख रुपए की वसूली की जानी है, जिसमें सोमवार को एसडीएम अखिल राठौर के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने मौके पर जाकर 6 परिवारों से 3.61 लाख रुपए की वसूली की है। जिन लोगों से वसूली की गई है, उनमें आरती कुशवाहा और संतोष बसोर से 1-1 लाख, उमा कुशवाहा, नफीस मंसूरी और कुंदन मंसूरी से 50-50 हजार तथा ज्ञान अनुरागी से 11 हजार की राशि वसूलना शामिल है। सीएमओ ने बताया कि कई प्रकरण ऐसे हैं जिसमें पति पत्नी दोनों ने पैसा लिया है। जबकि परिवार में एक व्यक्ति को ही पैसा दिया जाना था तो गलत तरीके से जो राशि शासन से ली गई है उसको वापस किया जा रहा है। साथ ही जिन लोगों ने मकान का कार्य पूर्ण नहीं किया है। उनको भी मौके पर समझाइश दी जा रही है। वसूली की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### उसैद ने जीता ब्रोंज मेडल, नौगांव में आयोजित हुई प्रतियोगिता



**छतरपुर।** नीति आयोग भारत सरकार, एमएसएमई भारत सरकार एवं फिट इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में नौगांव स्थित बापू डिग्री कालेज में आयोजित दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन गोविंद रैकवार एवं अमित बिछौले ने कराया था जिसमें एथलेटिक्स प्रतियोगिता 200 मीटर में छतरपुर के मोहम्मद उसैद खान ने ब्रोंज मेडल जीता और प्रशस्ति पत्र प्राप्त कर शहर का नाम रोशन किया।

### नदी में नहाने गईं दो बालिकाएँ गहरे पानी में डूबीं, एक की मौत, एक को बचाया गया

**बमीठा।** महालक्ष्मी पर्व पर रविवार को बमीठा-बसारी के पास कालीबरा नदी में स्नान करने गई दो बालिकाएँ गहरे पानी में डूब गईं। इनमें से एक की मौत हो गई जबकि दूसरी को लोगों ने किसी तरह बचा लिया। मिली जानकारी के अनुसार नंदनी अहिरवार (13) पिता रमेश अहिरवार, निवासी लखैरी जो अपने नाना शिवलाल अहिरवार (बसारी) के घर पर रह रही थी, अपनी रिश्तेदार कविता (15) के साथ नदी में नहाने गई थी।

# गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में लगा स्वास्थ शिविर, 475 छात्राओं ने कराया परीक्षण



**नौगांव।** स्थानीय गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में स्वास्थ विभाग द्वारा स्वास्थ परीक्षण शिविर का किया गया भव्य आयोजन। नगर के सबसे बड़े पीएम श्री गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में सुबह 11 बजे से छात्राओं के स्वास्थ परीक्षण करने लगाया गया शिविर, जिसमें छात्राओं को बुखार आने पर मलेरिया किड द्वारा 10 मिनट में जांच की गई। इसके अलावा हीमोग्लोबिन, आंखों की जांच और छात्राओं का वजन नापा गया। बताया जाता है कि संस्थाओं में समय समय पर ऐसे स्वास्थ परीक्षण किए जाते हैं जिससे बच्चों के बारे में स्कूल प्रबंधन को भी जानकारी हो कि कहीं पढ़ाई लिखाई में उनके छात्र, छात्राओं को कोई गंभीर बीमारी या स्वास्थ सम्बन्धी परेशानी तो नहीं। जानकारी के अनुसार स्वास्थ शिविर के पूर्व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया गया इसके बाद शिविर में छात्राओं का परीक्षण किया गया जिसमें कुल 475 छात्राओं का परीक्षण किया गया। सोमवार को लगे शिविर में आधे से भी कम छात्राओं का परीक्षण हो सका अब देखना है कि दूसरे दिन भी शिविर का आयोजन होगा या नहीं अभी समाचार लिखने तक यह जानकारी नहीं लगी है। स्वास्थ परीक्षण टीम में मुख्य रूप से डॉ स्वल्पा गुप्ता, डॉ नीलम श्रीवास्तव, डॉ शोभा रूसिया, नेत्र सहायक अशोक चौधरी, एनएम उमेश नंदिनी रजक, नंद किशोर अहिरवार, डेंटल असिस्टेंट, वीरेंद्र चतुर्वेदी, मिथलेश रावत एवं विजय सहित स्वास्थ विभाग की टीम मौजूद रही।

### बापू महाविद्यालय में चल रही थी अंडर 17 ग्रुप प्रतियोगिता

# नगर के वेदांस साहू ने शतरंज में पाया दूसरा स्थान

**नौगांव।** नगर के बापू डिग्री कॉलेज में संपन्न हुई खेल प्रतियोगिता में वेदांश कुमार साहू ने शतरंज के अण्डर 17 ग्रुप में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिताएं निहयुध यूथ गेम्स एवं फिजिकल एजुकेशन काउंसिल द्वारा कराई जाती है। यह संस्था मिनिस्ट्री ऑफ़ एम-एस एम-ई एवं फिट इंडिया मूवमेंट द्वारा संचालित की जाती है। ज्ञात हो की वेदांश कुमार साहू कक्षा 9 में पढाई कर रहे हैं साथ ही शतरंज भी खेलते है। इस अवसर पर वेदांस के पिता महेश मंगू साहू ,माता अंजना साहू मित्रगणों में नपा उपाध्यक्ष अजय दौलत तिवारी, कांग्रेस नेता संतोष तिवारी छतरपुर, सनातन रावत ,नरेंद्र शर्मा ,अरविन्द रावत, प्रशांत नामदेव, कृष्ण कुमार ,विशाल विश्वकर्मा ने बधाई, शुभकामनाएं दी एवं वेदांस के उज्जवल भविष्य की कामना की।



### काव्य पाठ और बुंदेली रचनाओं से गूंजा राजमहल परिसर



छतरपुर। शहर के राजमहल परिसर में सोमवार को लीनेस उड़ान क्लब और प्रताप नवयुवक संघ ने हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान संपूर्ण परिसर काव्य पाठ और बुंदेली रचनाओं से गूंजायमान रहा। कार्यक्रम में लीनेस उड़ान क्लब की सभी सदस्यों और प्रताप नवयुवक संघ के प्रशिक्षकों के साथ बच्चों ने भाग लिया। वहीं काव्य पाठ पर आधारित सम्मान समारोह में चार सदस्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लीनेस उड़ान क्लब की सचिव स्मिता जैन और अनुज द्विवेदी को काव्य पाठ के लिए सम्मानित किया गया। वहीं नवयुवक प्रताप संगठन के संचालक प्रदीप सेन एवं सरिता सिंह को भी सम्मान दिया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष धीरज मिश्रा, शिवानी चौरसिया, चंद्रमुखी चौरसिया, उर्मिला अहिरवार उपस्थित रहीं। प्रताप नवयुवक संघ की ओर से बच्चों ने हिंदी गीत एवं बुंदेली रचनाएं प्रस्तुत कर समां बांध दिया। यह पूरा आयोजन हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार और स्थानीय संस्कृति को समर्पित रहा।

# राहगीरों को लूटने वाले दो लुटेरों को पुलिस ने दबोचा

### 11 हजार नकद, हथियार और मोबाइल बरामद

**बमीठा।** थाना क्षेत्र के मड़तला रेलवे ब्रिज के पास पिछले दिनों हुई लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। लुटेरों के कब्जे से 11 हजार रुपये नकद, दो मोबाइल फोन, अवैध देशी कट्टा, अपाचे मोटरसाइकिल और एक स्नैचिंग का मोबाइल फोन बरामद किया गया। पकड़े गए आरोपियों में से एक लिस्टेड गुंडा है और खिलाफ 8 अपराध पहले से दर्ज हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मड़तला रेलवे ब्रिज के पास आरोपियों ने फरियादी और उसके साथी से मोबाइल फोन व नगद राशि लूटी थी, जिसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में मामला दर्ज किया था। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मुखबिरों को सक्रिय किया और संदिग्धों की सूचना एकत्र की। जांच में दो आरोपी नितिन उर्फ राजा पुत्र अरविंद पांडेय निवासी ग्राम गढ़ा और नीरज पुत्र रामस्वरूप कुशवाहा निवासी दसईपुरा पर संदेह हुआ, जिसके चलते उनसे पूछताछ की गइ्र। पूछताछ में दोनों ने लूट और मोबाइल स्नैचिंग की घटनाएं स्वीकार कीं। दोनों के कब्जे से लूटे गए



11 हजार रुपये नकद, दो मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त देशी कट्टा, अपाचे मोटरसाइकिल और राजनगर स्नैचिंग का मोबाइल फोन बरामद किया गया। आरोपी नितिन उर्फ राजा पांडेय होने के खिलाफ लूट, चोरी, बलवा, अवैध हथियार और अवैध वसूली जैसे 8 अपराध दर्ज हैं, जबकि नीरज कुशवाहा पर लूट व मारपीट के 2 मामले हैं। एसडीओपी खजुराहो मनमोहन सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी आशुतोष श्रोत्रिय, उपनिरीक्षक हरदेव सिंह, प्रधान आरक्षक राम कृपाल, सुरबिंद सिंगरौल, राजेश पटेल, आरक्षक उदयवीर, भानु पटेल और शैलेंद्र सिंह की टीम ने कार्रवाई की। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

### पशु प्रेमी पर डंडों से हमला, वीडियो वायरल

कुत्ते को बचाने पर हुआ विवाद, मामला दर्ज



**छतरपुर।** बीती रात शहर के हटवारा इलाके में एक पशु प्रेमी पर दो लोगों ने हमला कर दिया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। विवाद तब शुरू हुआ जब पीड़ित पशु प्रेमी एक कुत्ते को पिटाई से बचाने का प्रयास कर रहा था। फिलहाल कोतवाली पुलिस ने वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर मामला दर्ज करते हुए विवेचना शुरु की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार देर रात कोतवाली थाना क्षेत्र के मेला जलविहार से गुब्बारे बेचकर लौट रहे 60 वर्षीय रामकिशोर राजपूत निवासी सीताराम कॉलोनी पर हटवारा के पास एक कुत्ते ने हमला कर दिया था और अपने बचाव में रामकिशोर कुत्तों को पत्थर मार रहा था। कुत्ते को पिटता देख स्थानीय पशु प्रेमी बल्लू चौरसिया ने रामकिशोर को रोका और इसके बाद दोनों के बीच वाद-विवाद होने लगा। इसी बीच मौके से गुजर रहे फूड मंत्रा रेस्तरां के संचालक प्रशांत रावत और उनके छोटे भाई सिद्धार्थ रावत रुक गए और रामकिशोर की ओर से बल्लू के साथ विवाद करने लगे। वाद-विवाद इतना बढ़ा कि बात मारपीट तक जा पहुंची। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि प्रशांत और सिद्धार्थ मिलकर पशु प्रेमी बल्लू चौरसिया को पीट रहे हैं। कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि प्रकरण में एक व्य?क्ति पर मामला दर्ज कर, विवेचना की जा रही है।

# अग्रसेन जयंती 22 सितंबर को, विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों का साइकिल रेस के साथ शुभारंभ




**छतरपुर।** नगर अग्रवाल समाज छतरपुर द्वारा अग्रवाल समाज के कुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन की 5149 वीं जयंती 22 सितंबर को पूरी गरिमा और धूमधाम से मनाई जाएगी। इसी क्रम में विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों का सोमवार को विधिवत शुभारंभ हो गया। जिला अग्रवाल समाज के मीडिया प्रभारी रामकिशोर अग्रवाल ने बताया कि 15 वर्ष व उससे अधिक आयु के बच्चों के लिए साइकिल रेस प्रतियोगिता 15 सितम्बर, सोमवार सुबह 6 बजे मां बघराजन मंदिर, बायपास रोड पर आयोजित की गई। प्रतियोगिता में गियर रहित साइकिल लेकर पहुंचे 11 बच्चों ने सहभागिता की। साइकिल रेस में आर्थव पंकज अग्रवाल ने सबसे तेज साइकिल चलाकर सभी प्रतियोगियों को पीछे छोड़ दिया और पहला स्थान हासिल किया। जबकि चेतन रितेश अग्रवाल सेकेंड, आर्थव राघवेन्द्र अग्रवाल थर्ड और हर्षित वीरेन्द्र अग्रवाल को चौथा स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में गौरी, आयुष, आदित्य, प्रांजल, कार्तिक, श्रेयांश और पार्थ अग्रवाल ने भी भाग लिया।इस प्रतियोगिता के संयोजक मंडल में नीलेश अग्रवाल, महेन्द्र अग्रवाल, रवि (शिवानी), बद्री प्रसाद अग्रवाल, राजेश अग्रवाल (रंगवाले) और राजेश अग्रवाल (एम्पोरियम) शामिल थे। आज हाऊजी एवं पास इन द पास जयंती कार्यक्रमों की कड़ी में महालक्ष्मी मंदिर में मंगलवार को दोपहर 3 बजे महिलाओं की हाऊजी प्रतियोगिता तथा शाम 4 बजे पास इन द पास प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

# जनजातीय बाहुल्य ग्रामों के कैडर को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**छतरपुर।** भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा भारत आदि कर्मयोगी अभियान का शुभांरम्भ किया गया है। भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार आदि कर्मयोगी अभियान के सफल कियान्यन के लिए डिस्ट्रिक्ट प्रोसेस लैब के सफल कियान्वयन के पश्चात कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में एवं जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार के मार्गदर्शन में ग्राम स्तरीय कैडर को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।बकस्वाहा विकासखण्ड के 49 ग्रामों का आदि कर्मयोगी प्रशिक्षण तीन चरण में हो रहा है। डीएमटी भूपेंद्र सिंह एवं नीरज त्रिपाठी द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित होकर अभियान की जानकारी से अवगत कराया। सोमवार से शुरु हुए तीसरे और अंतिम चरण के प्रशिक्षण के प्रथम दिवस प्रशिक्षण में 13 ग्राम पंचायतों से जुड़ेविभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रशिक्षण लिया। नायब तहसीलदार सुनील कुमार



द्वारा प्रशिक्षण का शुभारंभ करते हुए कहा कि सभी विभाग ग्रामीण स्तर पर अनु. जनजाति वर्ग के सभी व्यक्तियों से जाकर उनकी समस्या को साझा करके ग्राम पंचायतों में 4 बैठक लेकर योजनाओं को पूर्ण करें। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग नोडल अधिकारी मनोज अहिरवार द्वारा प्रत्येक ग्राम के लिए बीएमटी की ड्यूटी भी लगाई गई जिसमें जिससे अनु. जन जाति वर्ग के व्यक्तियों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जा सके। प्रत्येक ग्राम को आदर्श ग्राम बनाना है। यह योजना केंद्र शासन द्वारा चलाई गई है। 30 सितम्बर तक प्रत्येक ग्राम अपनी बैठक करके प्रपत्र तैयार कर लें। 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा जिसमें शत प्रतिशत योजनाओं का लाभ अनु. जनजाति के व्यक्ति को मिल जाना चाहिए। मास्टर ट्रेनर हेमलता ठाकुर परियोजना अधिकारी, अरुण कुमार सक्सेना, बाबूराम प्रजापति, सुषमा सिंह, अमन जैन, रामकिशोर उपाध्याय एवं हरिया अहिरवार द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### बिजली बिल वसूली में रीवा सर्किल फिर पिछड़ा

रीवा। मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के रीवा सर्किल को सितंबर माह में बिजली बिल वसूली का 93.42 करोड़ रुपए का लक्ष्य दिया गया था, लेकिन महीने के आधे गुजर जाने के बावजूद अब तक महज 16.79 करोड़ रुपए की ही वसूली हो सकी है। यानी लक्ष्य का केवल 18 प्रतिशत ही पूरा हो पाया है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि यदि यही रफ्तार रही तो महीने के अंत तक भी सर्किल लक्ष्य के आसपास नहीं पहुंच पाएगा। पश्चिम जिलों को 18.32 करोड़ का लक्ष्य मिला था, जिसके विरुद्ध 1.40 करोड़ की वसूली हुई। मऊगंज को 15.58 करोड़ का लक्ष्य मिला था, परंतु 1.14 करोड़ की ही वसूली हो पाई। त्योंथर संभाग ने 13.34 करोड़ के विरुद्ध 1.40 करोड़ की वसूली की। इस तरह कुल मिलाकर रीवा सर्किल को अब भी 76.63 करोड़ रुपए की वसूली करनी है, ताकि लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। बॉक्स शहर संभाग सबसे आगे, पूर्व संभाग फिसड्डीरीवा सर्किल के अंतर्गत आने वाले विभिन्न संभागों में बिजली बिल वसूली की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है। हालांकि शहर संभाग की स्थिति तुलनात्मक रूप से बेहतर है। उसे 27.83 करोड़ रुपए की वसूली का लक्ष्य दिया गया था, जिसके विरुद्ध अब तक 11.85 करोड़ रुपए की वसूली की जा चुकी है। वहीं दूसरी ओर, पूर्व संभाग की स्थिति सबसे खराब है। उसे 18.33 करोड़ का लक्ष्य दिया गया था, परंतु अब तक केवल 99 लाख रुपए की वसूली ही हो सकी है।

### आवारा गौवंश को लेकर हुआ विवाद, मारपीट में युवक घायल

रीवा। जिले के सिरमौर थाना क्षेत्र अंतर्गत उमरी मोड़ के पास बीती रात आवारा गौवंश को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। कहासुनी के बाद मारपीट की स्थिति बन गई, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रवीण सिंह (36 वर्ष), निवासी ग्राम पल्हान थाना बैकुण्ठपुर शनिवार रात लगभग 9 बजे अपने भाई विनोद सिंह, अमित सिंह और अनुपम शुक्ला के साथ बदरांव गौतमान से पल्हान लौट रहे थे। जब वे उमरी मोड़ के पास पहुंचे, तो वहां उन्हें गौरव गुप्ता, स्वपनिल सोनी, अंशू सिंह और उनके अन्य साथी मवेशियों के झुंड के साथ आते हुए मिले। बताया जा रहा है कि उक्त युवक मवेशियों को रास्ते से होकर खेतों की दिशा में ले जा रहे थे। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। प्रवीण सिंह ने आरोप लगाया कि उन्होंने मवेशी छोड़ने से मना किया और कहा कि इससे खेतों को नुकसान होगा, जिस पर सामने वाले पक्ष ने पहले गाली-गलौज की और फिर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। प्रवीण सिंह को सिर में चोट आई है और अन्य लोगों को भी हल्की चोटें लगी हैं। शोरगुल सुनकर प्रवीण के भाई विनोद सिंह, अमित सिंह, अनुपम शुक्ला और गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव करने की कोशिश की। इसके बाद आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।बीघटना की सूचना तत्काल सिरमौर थाना पुलिस को दी गई, जहां पीड़ित पक्ष की ओर से मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आज 1928 किसानों को बांटी गयी 273.25 मीट्रिक टन यूरिया खाद



रीवा। जिले के डबल लॉक केन्द्रों तथा सहकारी समितियों से किसानों को खाद दी जा रही है। वितरण केन्द्रों में किसानों को ऋण पुस्तिका के आधार पर टोकन दिया जाता है। टोकन में दर्ज दिनांक को किसान निर्धारित मात्रा में खाद संबंधित केन्द्रों से प्राप्त कर रहे हैं। आज 15 सितंबर को डबल लॉक केन्द्रों के माध्यम से 1928 किसानों को 273.25 मीट्रिक टन यूरिया खाद का वितरण किया गया। डबल लॉक केन्द्र चाकघाट में 200 किसानों को 29.25 मीट्रिक टन, गुढ़ में 410 किसानों को 65 मीट्रिक टन, डबल लॉक केन्द्र चोरहटा में 838 किसानों को 102 मीट्रिक टन, उमरी में 360 किसानों को 50 मीट्रिक टन तथा जवा में 120 किसानों को 27 मीट्रिक टन खाद का वितरण किया गया। अभी चाकघाट में 37.75 मीट्रिक टन, गुढ़ में 110.50 मीट्रिक टन, जवा में 83.97 मीट्रिक टन, चोरहटा में 100 मीट्रिक टन, तथा उमरी में 80 मीट्रिक टन यूरिया खाद उपलब्ध है।

## शिविर में महिलाओं के स्वास्थ्य जाँच की समुचित व्यवस्था करें - कलेक्टर

# कलेक्टर ने स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तैयारियों की समीक्षा

रीवा ।

जिले भर में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा अन्य विभागों के सहयोग से स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में अभियान के तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रत्येक विकासखण्ड में बैठक लेकर अभियान की तैयारी कराएं। अभियान की अवधि में जिला अस्पताल से लेकर उप स्वास्थ्य केन्द्रों तक शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में गर्भवती महिलाओं तथा अन्य महिलाओं के स्वास्थ्य की जाँच के लिए चिकित्सक तैनात करें। शिविर में महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण, संचारी तथा असंचारी रोगों की पहचान के लिए जाँच की समुचित व्यवस्था करें। शिविर में प्रत्येक दिन किए गए कार्य की पूरी जानकारी फोटो सहित पोर्टल पर दर्ज कराएं। गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य जाँच की जानकारी अनमोल पोर्टल पर भी दर्ज करें। अभियान के दौरान सभी अस्पतालों में रक्तदान शिविरों का भी आयोजन करें। इसे सफल बनाने के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं और सामाजिक संगठनों को भी भागीदार बनाएं। कलेक्टर ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आशा कार्यकर्ता के माध्यम से प्रत्येक गर्भवती महिला को शिविर तक ले जाकर उसके स्वास्थ्य की जाँच कराएं। उनमें किसी भी रोग के लक्षण, खून की कमी अथवा अन्य परेशानी होने पर समुचित उपचार कराएं। स्वास्थ्य विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग मिलकर अभियान के लिए तैयारी करें।



शिविर स्थल पर ही महिला एवं बाल विकास विभाग पोषण आहार प्रदर्शनी भी लगाए। जिला से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तक के शिविरों में भागीदारी निभाने के लिए जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित करें। इस अभियान में शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जाँच करें। अभियान के दौरान किशोरियों की स्वास्थ्य रक्षा तथा महिलाओं और बच्चों के पोषण स्तर में सुधार के लिए भी विशेष प्रयास करें। अभियान को सफल बनाने में शिक्षा विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय निकाय तथा महिला एवं बाल विकास विभाग स्वास्थ्य विभाग को पूरा सहयोग दें। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने अभियान के संबंध में बताया कि जिला चिकित्सालय में 17 सितम्बर को सांसद श्री जनार्दन मिश्र अभियान का शुभारंभ करेंगे। प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक महिलाओं के स्वास्थ्य की निःशुल्क जाँच की जाएगी। जिला चिकित्सालय सहित सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन के सजीव प्रसारण की व्यवस्था की जा रही है। अभियान के दौरान महिलाओं में एनीमिया, कैंसर, क्षयरोग, मोतियाबिंद, ग्लूकोमा आदि की जाँच की जाएगी। अभियान के दौरान रक्तदान शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में रैपिड किट से विभिन्न रोगों की जाँच की जाएगी। सभी अस्पतालों को रैपिड किट उपलब्ध करा दिए गए हैं। शिविर में किशोरियों के स्वास्थ्य की जाँच की जाएगी तथा बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा। अभियान के लिए जिला स्तर पर प्रशिक्षण दिया जा चुका है। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह ने बताया कि स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान में विभाग पूरा सहयोग करेगा। इसके साथ-साथ पोषण माह से जुड़ी पोषण जागरूकता की गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, एसडीएम त्योंथर पीएस त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर सुधीर बेक तथा सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

रीवा ।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र रीवा के सहयोग से 8वें राष्ट्रीय पोषण माह के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विभागीय अधिकारियों, परियोजना अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने सामूहिक भागीदारी कर 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक पोषण माह के उद्देश्यों और आगामी गतिविधियों के संबंध में विस्तार से विचार-विमर्श किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कुपोषण उन्मूलन के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए पोषण माह के तहत संचालित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की रूपरेखा तैयार करना तथा समस्त परियोजना अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को दिशा-निर्देश प्रदान करना है। संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास शशिश्याम उइके ने इस अवसर पर कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं बल्कि एक जनआंदोलन का स्वरूप है। यदि समाज की सहभागिता सुनिश्चित हो तो हम कुपोषण को जड़ से समाप्त कर सकते हैं। वरिष्ठ वैज्ञानिक ए.के. पाण्डेय ने संतुलित एवं स्थानीय आहार पर बल देते हुए कहा कि परिवार स्तर पर पोषण वाटिकाओं का विकास, जैविक खेती एवं विविधतापूर्ण आहार अपनाना ही स्वस्थ समाज की नींव है। नयन कुमार सिंह जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जिले में पोषण माह के दौरान आयोजित की जाने वाली प्रमुख गतिविधियों में पोषण वाटिका स्थापना, गर्भवती एवं धात्री माताओं के लिए विशेष परामर्श सत्र, सामुदायिक जागरूकता रैलियाँ, विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताएँ, आहार प्रदर्शनी एवं रेसिपी डेमो, कुपोषित बच्चों की पहचान व उपचारात्मक उपाय शामिल हैं। आशीष द्विवेदी सहायक संचालक ने अपेक्षा की कि सभी परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक अपने-अपने क्षेत्र में इन गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने की जिम्मेदारी निभाएँगे। इस अवसर पर परियोजना अधिकारीगण जीवेन्द्र सिंह, शेष नारायण मिश्रा, सुमन नामदेव, अर्पित पाठक, अंजना सिंह, रेणुका मिश्रा सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कृषि विज्ञान केन्द्र के डॉ. चन्द्रजीत सिंह, डॉ. के.एस. बघेल, डॉ. अखिलेश कुमार, डॉ. स्मिता सिंह तथा अन्य अकादमिक सहयोगी की भी उपस्थिति रही।

## ऑन्कोलॉजी अपडेट 2025 में जुटे 6 राज्यों के 260 चिकित्सा

# कैंसर के नवीनतम इलाज पर हुई चर्चा

**रीवा में हुआ विंध्य क्षेत्र का सबसे बड़ा ऑन्कोलॉजी सम्मेलन, विशेषज्ञों ने साझा कीं आधुनिक तकनीकों पर जानकारियाँ**

रीवा।



विंध्य क्षेत्र में कैंसर के प्रति जनजागरूकता और उन्नत चिकित्सा सुविधाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए होटल सयाजी में ऑन्कोलॉजी अपडेट 2025 का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में 6 राज्यों से आए 260 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सकों ने भाग लिया और कैंसर उपचार, निदान तथा प्रबंधन से जुड़े नवीनतम शोध और तकनीकों पर व्यापक चर्चा की। कार्यक्रम का आयोजन विंध्य कैंसर केयर फाउंडेशन एवं नेशनल हॉस्पिटल, रीवा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य कैंसर के बढ़ते मामलों के बीच चिकित्सकों को नवीनतम वैज्ञानिक उपलब्धियों से अवगत कराना और समाज में जागरूकता फैलाना रहा। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने आयोजक टीम को बधाई देते हुए कहा कैंसर जैसी गंभीर बीमारी में समय पर निदान और जनजागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है। ऐसे आयोजन समाज के लिए अत्यंत उपयोगी हैं और निरंतर आयोजित होने चाहिए। वहीं मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि कैंसर से डरने की नहीं, समय रहते सही सलाह और इलाज लेने की आवश्यकता है। समाज को चाहिए कि वह कैंसर सर्वाइवर्स की प्रेरक कहानियों से सीख लेकर जागरूकता फैलाए। सम्मेलन के अंत में यह संदेश दिया गया कि कैंसर से लड़ाई केवल चिकित्सा विशेषज्ञों की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। समय पर जांच, जागरूकता और आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के समुचित उपयोग से कैंसर को मात दी जा सकती है।विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव, हुई वैज्ञानिक सत्रों में गहन चर्चाइस सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रमुख विशेषज्ञों में शामिल थे डॉ. लोहित अरोरा (भोपाल) डॉ. संजय माहेश्वरी, डायरेक्टर, बिरला अस्पताल, सतना डॉ. अभिषेक तिवारी (कानपुर) बमैक्स अस्पताल, नागपुर के विशेषज्ञ रीवा एवं आसपास के वरिष्ठ चिकित्सकों में डॉ. प्रियंक शर्मा, डॉ. देवेश सारस्वत, डॉ. विशाल मिश्रा, डॉ. धर्मेश पटेल, डॉ. कल्पना यादव, डॉ. शैलबाला श्रीवास्तव, डॉ. सारांश जैन आदि शामिल रहे। कार्यक्रम में संजय गांधी अस्पताल अधीक्षक डॉ. राहुल मिश्रा और डॉ रामविलास दुबे की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। सम्मेलन के वैज्ञानिक सत्रों में कैंसर के प्रारंभिक निदान, शल्य चिकित्सा (सर्जरी), कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी और नवीनतम टार्गेटेड थेरेपी जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान कई केस स्टडी और क्लिनिकल अनुभव भी साझा किए गए।

**समाज की साझी जिम्मेदारी है कैंसर से लड़ाई:** सम्मेलन का संचालन आयोजन समिति द्वारा किया गया, जिसमें डॉ. अखिलेश कुमार पटेल (अध्यक्ष), डॉ. योगेश्वर प्रसाद शुक्ला (साइंटिफिक चेयरमैन), डॉ. उमेश प्रताप सिंह (सचिव), डॉ. धीरेंद्र मिश्रा (संयुक्त सचिव) और डॉ. रवि प्रताप सिंह (कोषाध्यक्ष) की विशेष भूमिका रही। डॉ. अखिलेश कुमार पटेल ने कहा यह सम्मेलन न केवल चिकित्सकों के लिए शैक्षणिक मंच है, बल्कि यह आमजन को कैंसर के प्रति जागरूक करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आईएमए रीवा के अध्यक्ष डॉ. आनंद सिंह ने कहा कि नवीनतम शोध और तकनीकों का आदान-प्रदान बेहतर इलाज और बेहतर जीवन की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## तहज यात्रा को बताया इस्लाम का अहम स्तंभ, सामाजिक सौहार्द्र का दिया संदेश

# हज यात्रा से लौटे 49 जायरीन हुए सम्मानित



रीवा।

शहर के निपनिया स्थित दुल्हन मैरिज गार्डन में उलेमा-ए-इकराम अहले सुन्नत वल जमात ने इस साल हज यात्रा पूरी कर लौटे रीवा जिले के मुस्लिम समाज बज के हाजियों और हज कमेटी के पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया।समारोह के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अब्दुल रहमान फारुकी, हज कमेटी के अध्यक्ष इश्तियाक खान और अब्दुल कलीम खान उपस्थित रहे। कांग्रेस अध्यक्ष शर्मा ने ने कहा कि इस्लाम धर्म के पांच स्तंभों में हज यात्रा एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। उन्होंने हज से लौटे सभी हाजियों को मुबारकबाद दी और कहा कि हज यात्रा के बाद व्यक्ति की सोच और जीवनशैली में परिवर्तन आता है। बॉक्सइन हाजियों का हुआ सम्मानजिन हाजियों का सम्मान हुआ, उसमें मो. मुबारक, जाहिदा बानो, मो. जमशेय अफरोज खान अब्दुल हमीद, सोहेब खान, मोहम्मद इलियास, अख्तर निशा, मो. तैयब अंसारी, नूरजहां अंसारी, मोहम्मद खलील, सबीहा खान, शमीला बेगम, अमीर मोहम्मद, मस्तान खान, आबेदा बेगम, रफीक मंसूरी, शाहीन निशा हसीना बेगम, अकील खान, शमीमा खान, कमरून निशा, मो. हनीफ शाहिदा बेगम, मुजम्मिल हुसैन, मो. हनीफ मंसूरी, रजिया बेगम, मो. याकूब जैनब मोहम्मद, यूनुस शाहिया, अनसारुल हक मंसूरी, रशीचुन मुख्तार, अहमद रुक्शाना बेगम, मोहम्मद मकसूद शमीम, फातिमा, सिरताज मो शबनम अंसारी, मोफिदा बानो, मोहम्मद ताहिर अंसारी, मो. यूनुस मंसूरी, मो. असगर मनिहार, रसीदा सिराजुद्दीन साह असलम खान, सीमा मुख्तर, फिजा आरा, एहसान खान आदि शामिल हैं।

## नगर परिषद कर्मचारियों पर पथराव

# गौवंशों को गौशाला ले जाते समय हुआ विवाद

मऊगंज

नगर के वार्ड क्रमांक 11 में आवारा मवेशियों को गौशाला ले जाने के दौरान रविवार को नगर परिषद कर्मचारियों पर हमला हो गया। जिससे कर्मचारी घायल हो गए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) महेश पटेल ने थाना मऊगंज पहुंचकर इस मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई है।शिकायत में कहा गया है कि कलेक्टर संजय कुमार जैन के निर्देशानुसार नगर परिषद कर्मचारी वार्ड क्रमांक 11 स्थित राइस मिल के पीछे सहायता समूह द्वारा संचालित गौशाला में निराश्रित गोवंश को ले जा रहे थे। इसी दौरान संजू तिवारी के घर के समीप नीलेश पटेल, सूर्यभान यादव और रमेश यादव ने कर्मचारियों को रोककर गाली-गलौज की, मारपीट की और पथराव कर दिया। पथराव से कई कर्मचारी घायल हो गए।सीएमओ महेश पटेल ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से



नगर परिषद लगातार आवारा पशुओं को गौशाला तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। लेकिन हर बार आसपास के किसान विरोध खड़ा कर देते हैं। जब भी कर्मचारी गोवंश को नगर सीमा से बाहर गौशाला की ओर ले जाते हैं, किसान विरोध करने पहुंच जाते हैं। इसी वजह से कर्मचारियों को पशु ले जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को भी यही स्थिति बनी उन्होंने कहा कि एक गौशाला रकरी में है और फिलहाल एक एनजीओ के माध्यम से संचालित हो रही है। यह वार्ड क्रमांक 11 में राइस मिल से कुछ आगे स्थित है। घटना के बाद कर्मचारियों ने सूचना दी जिस पर तुरंत थाना मऊगंज को अवगत कराया गया। सीएमओ ने स्पष्ट कहा कि अब नगर परिषद मवेशियों पर टैग लगाएगी और जिन लोगों की गायें चिन्हित होंगी, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।नगर परिषद कर्मचारी लकी स्वीपर ने बताया कि – "हम करीब 10 से 12 लोग मवेशियों को लेकर जा रहे थे। तभी रास्ता रोककर गाली-गलौज की गई और पथराव शुरू कर दिया गया। पत्थर मेरे कंधे पर भी लगा और अन्य कर्मचारियों को भी चोटें आईं। मजबूरी में हमें मवेशियों को वापस छोड़ना पड़ा।"कर्मचारियों का कहना है कि ऐसी घटनाएँ आए दिन होती हैं। जब भी मवेशियों को गौशाला ले जाने की कोशिश की जाती है, स्थानीय लोग विरोध करते हैं। हालांकि रविवार को स्थिति ज्यादा गंभीर हो गई। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# देवतालाब शिव मंदिर में अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की टीम ने जागरूकता का दिया संदेश

मऊगंज

देवतालाब शिव मंदिर मे अहिंसा-वेलफेयर सोसायटी मऊगंज की टीम ने जागरूकता दिया जिसमे बताया गया कि समाज में सकारात्मक बदलाव तभी संभव है जब हम सब मिलकर किसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने का संकल्प लें। बाल विवाह जैसी कुरीतियां न केवल बच्चों का बचपन छीनती हैं, बल्कि उनके भविष्य और समाज की - खुशियों को भी प्रभावित करती हैं। इन्हें रोकने के लिए सभी लोगों की हिस्सेदारी आवश्यक है। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि आनंद सिंह,मंदिर के पुजारी दिनेश भारती,सोनू,प्रिंस भारती प्रतीक गिरी नागेंद्र पंकज सोनू ललन भारती ग्रामीण और श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल रहै। इस अवसर पर सभी ने शपथ ली कि न तो वे स्वयं कभी बाल विवाह करेंगे, और न ही किसी अन्य को ऐसा करने देंगे। साथ ही ये भी संकल्प लिया गया कि वे अपने गांव और आसपास के क्षेत्रों में लोगों को इस विषय के बारे में जागरूक करेंगे और इस कुरीति को समाप्त करने की दिशा में पहल करेंगे।

**सरपंच प्रतिनिधि बोले-बदलाव की शुरुआत अपनी पंचायत से-** सरपंचप्रतिनिधि



आनंद सिंह गनीगवां ने कहा कि हर बदलाव की शुरुआत खुद से होती है। हमने अपनी ग्राम पंचायत के मंदिर से इस अभियान की शुरुआत की है और शीघ्र ही आस-पास के गांवों में भी ये संदेश पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्राम सभा की बैठकों में बाल विवाह की रोकथाम और बच्चों के संरक्षण को प्राथमिकता दी जा रही है। मंदिर के पुजारी सोनू भारती ने कहा कि बाल विवाह धार्मिक दृष्टि से भी अनुचित है। यह बच्चों की शिक्षा, खेल और सपनों को बाधित करता है और उनके जीवन को अंधकारमय बना देता है। उन्होंने कहा कि जब समाज और धार्मिक संस्थाएं एकजुट होकर इसके विरुद्ध खड़े होंगे, तब इस बुराई को समाप्त होने में देर नहीं लगेगी।अहिंसा वेलफेयर सोसायटी मऊगंज के जिला समन्वयक सुरेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि हमारी संस्था ₹एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन₹ मऊगंज जिले के प्रत्येक गांवों में लोगों को जागरूक कर रही है। संस्था केवल जानकारी देना ही नहीं, बल्कि बैठकों, कार्यशालाओं और शपथ कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि पंचायतें, धार्मिक गुरु, ग्रामीण और समाज के सभी वर्ग मिलकर कार्य करें, तो मऊगंज जिले को बाल विवाह मुक्त बनाना संभव है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने भी संकल्प लिया कि वे अपने गांवों में इस बुराई के खिलाफ आवाज उठाएंगे और यदि कहीं बाल विवाह की जानकारी मिलेगी तो तुरंत उसे रोकने की पहल करेंगे। कार्यक्रम में अहिंसा वेलफेयर टीम मऊगंज से आशीष कुमार शुक्ला, ज्ञानेंद्रधर द्विवेदी उपस्थित थे।